# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 22 नवंबर 2025



04 प्रशासन की अनदेखी से त्रस्त रसोली के ग्रामीण ...





04 जूनियर रेडक्रॉस ने किया नुक्कड़ नाटक, ...






## हादसा : तेज रफ्तार ने ढाया कहर, युवकों की लापरवाही से हुआ हादसा

# बेकाबू दो बाइक दुर्घटनाग्रस्त, सवार तीन युवकों में दो की हालत नाजुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



गोविंदपुर गुरूद्वारा के पास भीषण सड़क हादसे ने तीन युवकों के जीवन को खतरे में डाल दिया। दो अलग अलग बाइक पर सवार ये तीनों युवक तेज रफ्तार और यातायात नियमों की घोर अनदेखी का शिकार हो गए, जिसके परिणामस्वरूप वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद उन्हें तुरंत अस्पताल पहुँचाया गया है, जहाँ दो युवकों की स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है।

- दो अलग-अलग बाइक पर सवार तीनों युवक, पीछे मारी ठोकर

पुलिस और स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार यह दर्दनाक हादसा 21 नवंबर को शाम करीबन साढ़े 4 बजें गोविंदपुर मार्ग पर हुआ। मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीपी 6504 का चालक जवाहर वार्ड कांकेर निवासी अंकलेश्वर यादव पिता तांसीराम अपने घर जवाहर वार्ड से माकड़ी की ओर जा रहा था और गोविंदपुर के गुरूद्वारा के पास पहुंचा था। पीछे से सीजी 19 बीआर 2493 में सवार होकर भैंसाकन्हार निवासी धनराज भुरकुरिया व उसका साथी आ रहा था। पीछे से आ रही वाहन की गति अधिक हाने के कारण सामने चल रहें अंकलेश्वर के वाहन को टक्कर मार दिया। टक्कर से तीनो लोग सड़क गिर पड़े और गंभीर चोट आया। तीन घायलों में से दो कि स्थिति नाजूक बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक की गति सामान्य से अधिक तेज थी। सामने चल रहें बाइक के चालक ने अपने वाहन को अचानक मोड़ दिया, जिससे यह हादसा हुआ। अगर पीछे चल रहें बाइक का गति नियंत्रित गति में रहता तो यह हादस टल सकता था। दोनो बाइक में सवार किसी ने भी हेल्मेट नही ▶▶|शेष पेज 2 पर

### ओवर स्पीड खतरनाक और हेलमेट का करें उपयोग

आरआई दीपक साव ने बताया कि ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट के और तेज गति से वाहन चलाना कितना खतरनाक हो सकता है। युवाओं को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। एक छोटी सी लापरवाही पूरे परिवार के लिए दुख का कारण बन सकती है। गली में या आम रास्ते में जब भी वाहन को मोड़े तो पहले एडिकेटर जरूर चालू करे। वाहन कि गति को धीमा कर पीछे जरूर देखे ताकि हादसे से बच सके। अगर घायलो ने हेलमेट पहना होता तो यह हादसा इतना गंभीर नही होता।



# जल संसाधन विभाग की लापरवाही पर किसानों का फूटा गुस्सा, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत कर्रामाड के आश्रित ग्राम मुगुरपारा और रेंगाटोला के बीच निर्माणाधीन डैम का कार्य पिछले चार वर्षों से पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है। विभागीय अनदेखी और उदासीन रवैये से नाराज किसानों और जनप्रतिनिधियों ने तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर तीखा विरोध दर्ज कराया। किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि एक माह के भीतर डैम निर्माण कार्य पुनः प्रारंभ नहीं किया गया, तो वे सड़क जाम कर जंगी प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

ज्ञापन सौंपने पहुंचे जनप्रतिनिधियों और किसानों ने बताया कि डैम निर्माण रुकने से दर्जनों किसानों की सिंचाई व्यवस्था चौपट हो गई है। खेतों में पानी न होने के कारण फसलें प्रभावित हो रही हैं, जिससे आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। किसानों का कहना है कि जल संसाधन विभाग से कई बार शिकायत और आग्रह किए गए, लेकिन विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा। इस उपेक्षा के चलते ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई ने कहा कि ग्रामीणों की समस्या को बार-बार विभाग तक पहुंचाया गया, मगर जल संसाधन विभाग की तरफ से न तो निरीक्षण किया गया और न ही कार्य पुनः प्रारंभ करने की पहल की गई। यह लापरवाही किसानों के जीवन पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कहा कि किसानों की मांग बिल्कुल जायज है और किसी भी स्थिति में डैम निर्माण जल्द से जल्द शुरू होना ही ▶▶|शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप

### कर्मचारियों व शिक्षकों की बैठक आज होगी

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के सभी शासकीय विभागों में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए आज 22 नवंबर शनिवार को बाजार मंडी परिसर में बैठक आयोजित किया जा रहा है। यह बैठक सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के तत्वाधान में आयोजित होगी, जिसमें समाज के ब्लॉक अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। बैठक का उद्देश्य समाज से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करना और विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को आवश्यक जानकारी प्रदान करना है। आयोजकों ने विकासखंड के सभी शासकीय शिक्षक, कर्मचारी एवं संबंधित सदस्यों से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर समाज के हित में अपने सुझाव तथा सहभागिता प्रदान करें।

### घायल की हुई मौत, जांच जारी

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत 26 वर्षीय कविता दौरिया का 27 मई को गंभीर चोट आने की वजह मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतिका सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी। थाना गोल बाजार रायपुर में शुन्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी चारामा थाना लाने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### सिर में चोट लगने से मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत 57 वर्षीय पचकौड़ कोर्राम का इलाज के दौरान 7 अक्टूबर को रायपुर के अस्पताल में मौत हो गया। बिना नंबरी मर्ग ▶▶|शेष पेज 2 पर

## बोलेरो की चपेट में आने से बच्ची गंभीर, चालक पर मामला दर्ज

**कांकेर।** एक मासूम बच्ची लापरवाह वाहन चालक की तेज रफ्तार की भेंट चढ़ गई। स्कूल से घर लौट रही 8 वर्षीय बच्ची को बोलेरो पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।



दुर्घटना के बाद परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर आरोपी चालक के खिलाफ मामला कायम किया गया है। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे ग्राम कोकपुर निवासी 32 वर्षीय राम कुमार जैन पिता राजेन्द्र जैन ने पुलिस को बताया कि 20 नवंबर को मेरी बेटी 8 वर्षीय प्राची जैन रोज की तरह स्कूल गई थी। स्कूल से छुट्टी होने के बाद शाम करीबन 40 बजे पैदल घर वापस ▶▶|शेष पेज 2 पर

## बाइक चालक की लापरवाही से हुई मौत, अपराध कायम

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत चिल्हाटी के मेन रोड पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक 12 नवंबर को शेखर चुरेंद्र मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीई 1623 के पीछे सीट पर बैठकर ग्राम चिल्हाटी अपने



घर से शंकर सिन्हा के खेत धान फारा बांधने जाने निकला था और मोटर सायकल को चिल्हाटी निवासी शंकर सिन्हा चला रहा था। मंदिरपारा चिल्हाटी मेन रोड के पास पहुंचा तो उसी समय सामने सेलेगांव की ओर से एक मोटर सायकल क्रमांक ▶▶|शेष पेज 2 पर


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

# भाग्यशाली विजेताओं के नाम

## प्रथम पुरस्कार - (1 तोला, 5 नग) सोने का हार

01. सुशीला पति स्व. श्री दीनबंधू , पता- बैगाटोला ईटार, खैरागढ़ (छ.ग.),
02. बिमला बाई साहू, पति श्री राम आसरा साहू, पता – आबादी पारा खपरी , धमतरी (छ.ग.),
03. हेमकांति गौतम पिता – स्व. श्री त्रिलोचन विश्वकर्मा, पता – रायपुर (छ.ग.)
04. साक्षी निषाद पिता – श्री प्रकाश निषाद, पता – शंकर नगर हाउस न. 455 धांगरडीपा रायगढ़ (छ.ग.)
05. प्रीती पति श्री रामचरण, पता – ग्राम किरना पोस्ट पंडरभाटा मुंगेली (छ.ग.),

## द्वितीय पुरस्कार - (1 स्कूटी, EV)

उमा साहू पिता श्री जगन्नाथ साहू
पता – हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , जगदलपुर बस्तर (छ.ग.),

## तृतीय पुरस्कार - (2 नग, रेफ्रीजरेटर)

01. प्रीतम कुमार साहू पिता स्व. श्री कुम्भकरण साहू
पता – मोहदी धरसीवां रायपुर (छ.ग.)
02. निधि अग्रवाल पिता – श्री रतन अग्रवाल
पता लाल कुंआ हनुमान ताल जबलपुर (म.प्र.)

## चतुर्थ पुरस्कार - (3 नग, LED TV)

01. कौशल दास मानिकपुरी पिता – हीरा दास मानिकपुरी, पता - शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
02. चित्रलेखा महंत पति शंकर दास महंत, पता – नीचे मोहल्ला बेलाकछार बालको नगर कोरबा (छ.ग.)
03. सुखदेव पाटिल पिता स्व. श्री नत्थू पाटिल, पता न्यू बाग़ मुगलिया भोपाल (म.प्र.)

### नियम शर्तें लागू*

1. भाग्यशाली पाठक कों अपना पहचान पत्र के साथ अखबार का वर्तमान मासिक बिल एवं जमा किये गए फार्मेट का ग्राहक प्रति लाना अनिवार्य हैं। 2. राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी नियम लागू होगा। 3. इस योजना के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगा। 4. हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 5. किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। 6. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि



ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ॥
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ॥

# अंतिम अरदास



## सतवंत कौर भाटिया

(1954-2025)

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि सतवंत कौर भाटिया धर्मपत्नि स. महेन्द्र सिंह भाटिया का स्वर्गवास दिनांक 19 नवंबर 2025 को हो गया है। आत्मिक शांति के लिए रखाए गये श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति 23 नवंबर 2025 दिन रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर में सुबह 10:00 बजे होगी।

### कीर्तन एवं अंतिम अरदास

**23 नवंबर 2025 सुबह 11:30 से 01:00 बजे दोपहर**

**गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर छ.ग. (गुरु का लंगर-01:30 बजे पूर्ण समाप्ति उपरांत)**

(सुबह की बैठक 10:00 से 11:00 बजे गुरूनानक नगर गुरूद्वारा हॉल रायपुर)

शोकाकुल परिवार :-**महेन्द्र सिंह भाटिया (पति)**
अमोलक सिंह भाटिया, गुरमीत सिंह भाटिया, इंद्रपाल सिंह भाटिया
कुलवंत कौर भाटिया (पत्नी स्व. सुरजीत सिंह भाटिया),
सतविंदर सिंह भाटिया (टिवकंल), जगदीप कौर भाटिया (रज्जी)
संदीप सिंह भाटिया-अवनीत कौर भाटिया (रैनी) (पुत्र-पुत्रवधु)
मंदीप सिंह भाटिया-रानी भाटिया (रायपुर), मनिंदर सिंह भाटिया-मीनी भाटिया (गोंदिया) (दामाद-पुत्री)
**समस्त भाटिया परिवार (बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, रायपुर)**

नोट : जिस किसी भी स्नेहीजन को सूचना न मिली हो इसे ही सूचना जाने।

J.J.Ad

**खबर संक्षेप**

## कमिश्नर ने एसआईआर कार्यों का किया निरीक्षण




**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम के तहत जिले में मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य बीएलओ के द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं के सत्यापन का कार्य आगामी 04 दिसम्बर तक किया जाएगा। इसी क्रम में बस्तर संभाग के संभागायुक्त डोमन सिंह ने जिले में एसआईआर के तहत फार्म वितरण एवं डिजिटाइजेशन की प्रगति जानने मतदान केन्द्र नंदनमारा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों से अब तक किए गए सत्यापन की जानकारी ली तथा इसमें तेजी लाने के लिए निर्देशित किया और साथ ही संबंधित ईआरओ को निर्धारित समय-सीमा में सम्पूर्ण सत्यापन का कार्य पूरी सावधानी व सर्तकता के साथ करने के निर्देश दिए। इसके पहले उन्होंने इंदिरा गांधी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की आंतरिक बैठक में शामिल होकर विभागीय कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे, एसडीएम अरूण वर्मा, तहसीलदार पुष्पराज पात्र सहित राजस्व विभाग एवं निर्वाचन से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आत्मानंद महाविद्यालय में ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिनी कार्यशाला हुई

# जनजाति समाज की गौरवगाथा व इतिहास पर कार्यशाला में किया गया विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय कांकेर में 20 नवंबर को जनजाति गौरव माह अंतर्गत जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत में ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक खिलेश्वर कोसमा ने कार्यक्रम की सार्थकता और इस कार्यक्रम के उद्देश्य को बताते हुये जनजाति समाज की गौरवगाथा इतिहास व वर्तमान को स्पष्ट किया। विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र गौर ने कहा कि जाति, अपने समाज, अपने गौरवशाली इतिहास पर गर्व करने की बात रखी। अपने कहा कि जनताति समाज के इंदरू केंवट की कर्तव्यनिष्ठा को उजागर करते हुये सभी से सजगता पूर्वक अपना दायित्व निभाने की बात कही। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विरेन्द्र श्रीवास्तव ने भारत माता की जय का नारा लगवाते हुए हम भारत माता को सूर्यपुत्री माँ भारती होने के कारण हम भारतमाता कहते है ये जानकारी दी। बिरसामुंडा का जीवन उनके विचार




धारा को लोगों तक पहुँचाना ही हमारा दायित्व व कार्यक्रम का उद्देश्य है ये बताते हुए किसी भी बिखराव अलगाव वाद के बहकावे में न आकर अपनी संस्कृति व अपने देश की गौरवगाथा का मान रखने की बात को सभागार के समक्ष रखा। मुख्य वक्ता जयराम दास ने विस्तार से यह जानकारी दी कि किस प्रकार जनजाति समाज ने ब्रिटिश शासन एवं मुगलों के विरूद्ध अपनी सशक्त भूमिका निभाई तथा प्रकृति पूजक जनजाति समाज ही इस देश का सर्वोच्च समाज है कैसे? इसे स्पष्ट किया। 1857 की क्रांति में जनजाति समाज के योगदान को विस्तार से बताया। जयराम ने तथ्य सहित बताया कि जनजातियों ने भारत माँ के लिये लड़ाई लड़ी न कि जनजातियों के लिये। भगवान बिरसा मुंडा व तिल्का मांझी के कर्तव्य व बलिदान को सभागार में रखते हुए अपने ऊर्जावान वक्तव्य से छात्र-छात्राओं में ऊर्जा शक्ति भर दी। रानी दुर्गावती के पराक्रम से सभागार को परिचित कराया, वीर नारायण सिंह, शहीद गेंद सिंह, शहीद सुखदेव, शहीद गुण्डाधूर, बुद्धुभगत, भीमानायक आदि अनेक जनजातियो की शहादत एवं नक्सलवाद जैसे समस्या के समाधान में जनजातियों की भूमिका को स्पष्ट किया। प्रकृति से आदिवासी समाज उतना ही लेता है। जितनी जरूरत इसकी सार्थकता से लोगो को लाक्षणिक संदेश दिया। महाराष्ट्र, तेलंगाना, उड़ीसा, झारखंड, मध्यप्रांत, मणिपुर आदि-आदि अनेक स्थानों से जनजातियों की भारत वर्ष के प्रति अपने दायित्वों एवं बलिदान को विस्तार से बताया। युवाओं से देश व समाज के प्रति अपने दायित्वों को निभाने हेतु प्रेरित किया। जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के सह संयोजक प्रियंका गवर्ना, सहायक प्राध्यापक एवं प्रियंका जायसवाल, डॉ. अशोक कुमार भारती, नीरज कुमार पटेल, क्रीड़ा अधिकारी, डॉ. आभा श्रीवासतव, डॉ. शर्मिष्ठा, सत्यप्रिया जैन, चित्रसेन राय, विवेक मनसागर, विनय कुमार प्रधान आदि सभी अतिथि व्याख्याता एवं कार्यालयीन स्टाफ सुनेश्वर ठाकुर, तेजेस कुमार उइके, कृतिका नेताम, रोशनी ध्रुव एवं टोमेश्वरी कोर्राम उपस्थित रहें।

## धान खरीदी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें, कलेक्टर का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत जिले में धान खरीदी का कार्य प्रारंभ हो चुका है। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने तहसील मुख्यालय नरहरपुर सहित चवांड़ तथा अमोड़ा के धान खरीदी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखते हुए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीदी केंद्रों में जरूरी मूलभूत सुविधाएं, किसानों को टोकन का आबंटन और धान खरीदी के संबंध में जानकारी ली। धान उपार्जन केन्द्र नरहरपुर में उन्होंने किसानों से चर्चा की इस दौरान कृषकों ने बारदाने की कमी की बात कही। इस पर कलेक्टर ने पुराने बारदानों की व्यवस्था तत्काल करने के निर्देश जिला विपणन अधिकारी को दिए। इसी तरह अमोड़ा में धान बेचने आए किसानों के लिए पेय जल की व्यवस्था करने के निर्देश समिति प्रबंधक को देते हुए कहा कि किसानों हितों को सर्वापरि रखते हुए केंद्रों में छाया, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके पश्चात कलेक्टर ने ग्राम चवांड़ के धान खरीदी पहंचे जहां पर स्थानीय सरपंच द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की और साथ ही किसानों की मांग पर खरीदे गए धान की समुचित सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग कराने के लिए प्रबंधक को निर्देशित किया। इसके अलावा उन्होंने केन्द्र प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि धान खरीदी केंद्रों में धान बेचने पहंचे किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण की जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अरुण वर्मा, खाद्य निरीक्षक जेजे नायक, जिला विपणन अधिकारी सहित मैदानी अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## नरहरपुर के धान खरीदी केंद्रों का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण और दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरहरपुर

कांकेर जिले में धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर निलेश कुमार महादेव ने नरहरपुर क्षेत्र के धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने वजन, टोकन वितरण, खरीदी की वर्तमान स्थिति, कर्मचारियों की उपस्थिति और सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी आवश्यक बिंदुओं का स्थल पर जाकर विस्तृत निरीक्षण किया।

- वजन, टोकन वितरण, खरीदी की वर्तमान स्थिति, कर्मचारियों की उपस्थिति और सुरक्षा व्यवस्था की ली जानकारी

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नरहरपुर खरीदी केंद्र में तौल मशीनों की सटीकता, बारदाने की उपलब्धता, खरीदी केंद्र में साफ-सफाई, फेंसिंग व ड्रेनेज व्यवस्था की जांच की। कलेक्टर ने कहा कि धान तौलने में देरी न हो एवं केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि किसानों को समय पर टोकन उपलब्ध कराए जाएं और तुलाई प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि फड़ तक धान पहुंचाने की जिम्मेदारी किसान की होगी, जबकि इसके आगे की सभी जिम्मेदारियां समिति प्रबंधक संभालेंगे। इस प्रक्रिया में किसानों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा तथा खरीदी प्रक्रिया में कोई बाधा न आए। उन्होंने तुहर टोकन ऐप के प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया, ताकि किसान घर बैठे अपनी सुविधानुसार टोकन प्राप्त कर सकें और उन्हें केंद्र पर अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। धान खरीदी केंद्र के निरीक्षण पश्चात नगर पंचायत के पार्षद मुकेश संचेती ने नगर के मुख्य थाना चौक सकरा होने के चलते दुर्घटना होने की संभावना को लेकर कलेक्टर से चर्चा कर स्थल निरिक्षण करने आग्रह किया, जिस पर कलेक्टर ने थाना चौक का निरिक्षण किया तथा स्थिति का जायजा लिया। पार्षद मुकेश संचेती ने कलेक्टर को बताया की वन विश्राम गृह के कार्नर वाले बाउंड्रीवाल को तोड़कर दस फ़ीट पीछे करने पर सकरे सड़क की समस्या से निजात मिल सकेगी, जिसे कलेक्टर ने शीघ्र पुरा कराने का भरोसा दिलाया, जिस पर मुकेश संचेती ने उनका आभार जताया। इस दौरान प्रमुख एसडीएम अरूण वर्मा, तहसीलदार पोरस वेंताल, खाद्य अधिकारी जे नायक, नायब तहसीलदार भाग्यश्री गनवारे, नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारी सलाम, उपाध्यक्ष दिनेश पटेल, जनपद सीईओ सुखदेव वेनू, नगर पंचायत सीएमओ रोशन ठाकुर, जसराज चोपड़ा आदि उपस्थित रहे।



**कलेक्टर ने की किसानों से बातचीत**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नरहरपुर धान खरीदी केंद्र में किसानों से सीधे बातचीत की। किसानों ने तुलाई की गति और टोकन वितरण से संबंधित कुछ विषय रखीं। कलेक्टर ने सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि प्रशासन का उद्देश्य है कि किसानों को बिना किसी परेशानी के धान बेचने की सुविधा मिले। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निगरानी और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## दमकसा लैंप्स में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू, किसानों का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत दमकसा लेंप्स धान खरीदी केंद्र में शुक्रवार को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की औपचारिक शुरुआत की गई। कार्यक्रम की शुरुआत किसानों का स्वागत कर की गई। धान बेचने पहुंचे किसानों को तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया, जिससे किसानों में विशेष उत्साह देखने को मिला।



सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष पीलम नरेटी ने बताया कि राज्य शासन द्वारा 15 नवंबर से 31 जनवरी तक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि धान बेचने से पूर्व निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार टोकन अवश्य कटवाएँ और शासन की सभी योजनाओं का लाभ लें। नोडल अधिकारी मनोहर चंद्रवंशी ने खरीदी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र में तौल, भंडारण और परिवहन की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए साफ-सफाई, शेड, पानी और बैठने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे साफ और सूखे धान के साथ ही खरीदी केंद्र में पहुँचे, ताकि गुणवत्ता परीक्षण में किसी प्रकार की समस्या न आए। ग्राम गायता पुनऊराम दुग्गा और कृषि सभापति सुलोचना कोरेटी ने भी किसानों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सरकार की यह योजना किसानों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। किसानों ने खरीदी केंद्र की व्यवस्थाओं पर संतोष जताया और कहा कि समय पर खरीदी प्रारंभ होने से उन्हें बड़ी राहत मिली है। दमकसा लेंप्स में खरीदी की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र के किसानों में खुशहाली और उम्मीद का माहौल है। केंद्र प्रबंधन ने विश्वास जताया कि पूरे खरीदी सीजन में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी और खरीदी प्रक्रिया समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से संचालित की जाएगी। कार्यक्रम में प्रबंधक आत्माराम कल्लो, बाबूलाल कल्लो, ईश्वर और तोरण दुग्गा ने भी संबोधित किया और किसानों को खरीदी प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। शुभारंभ दिवस पर परमानंद, रामेश्वर, दिनेश ठाकुर, राजेश वर्मा, कृष्णा पटेल सहित क्षेत्र के अनेक किसान मौजूद रहे।

## धान खरीदी केंद्र चरभटी में भारी अनियमितता मजदूरी रोकने और मनमानी करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुराना के अंतर्गत संचालित धान खरीदी केंद्र चरभटी में वर्ष 2024-25 की खरीदी के दौरान गंभीर अनियमितताओं के आरोपों ने एक बार फिर विवाद को हवा दे दी है। केंद्र की अव्यवस्थाओं और प्रबंधक की मनमानी से नाराज किसानों ने तहसील कार्यालय पहुँचकर प्रबंधक गुलशन सिन्हा को तत्काल हटाने की मांग का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। किसानों का कहना है कि धान खरीदी प्रक्रिया लगातार प्रभावित हो रही है, जबकि विभाग इस मामले में उदासीन बना हुआ है।



किसानों ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि केंद्र में धान खरीदी का मिलान समय पर नहीं किया जा रहा है, जिससे किसानों को घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ता है। कई किसानों के दस्तावेजों का मिलान बिना किसी स्पष्ट कारण के लंबित रखा जाता है, जिससे खरीदी प्रक्रिया बाधित होती है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रबंधक द्वारा की जा रही मनमानी के कारण किसानों को हर वर्ष किसी न किसी प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ता है। केंद्र में कार्यरत हेमलो मजदूरों को पिछले खरीदी सत्र से ही मजदूरी भुगतान नहीं मिला है, जिसके चलते मजदूर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। मजदूरी भुगतान रोकने को लेकर भी किसानों और मजदूरों में भारी रोष व्याप्त है। प्रबंधक गुलशन सिन्हा कर्मचारियों और मजदूरों पर अनावश्यक दबाव डालते हैं तथा काम के दौरान मनमानी तरीके अपनाते हुए अव्यवस्था पैदा करते हैं। धान खरीदी जैसे महत्वपूर्ण कार्य में इस प्रकार की अनियमितताएँ न केवल किसानों के हितों को प्रभावित करती हैं, बल्कि शासन की खरीदी व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा करती हैं। किसानों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन को छत्तीसगढ़ शासन के सहकारिता विभाग, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं कांकेर, शाखा प्रबंधक जिला सहकारी बैंक नरहरपुर और अधिकृत अधिकारी आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुराना के नाम संबोधित किया गया है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान सरपंच सुरेन्द्र कोराम, पूर्व सरपंच परऊ कुजांम, रत्न वट्टी, फरस ठाकुर, सुखदेव राम कड़ोपी, देबीलाल कोडोपी, अमरू राम, केवल राम पटेल, राजेश पटेल, गौतम वट्टी, शंकरराम पटेल, शिशुपाल साहू, लक्ष्मी नारायण कोराम, राजकुमार मंडावी, गंगाराम कोमरे, लगनूराम कड़ोपी, राकेश पटेल, बरतु मरकाम, ब्रिजेश नेताम, विजय कोमरा, बिरजू कोड़ोपी, आत्माराम, देवचंद सहित बड़ी संख्या में पंजीकृत किसान उपस्थित रहें।

## हरिभूमि की मुहिम रंग लाई, खस्ताहाल सड़क को किया चमाचम, मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर



**खबर का असर**

ग्राम पंचायत पित्तेभोड़िया के आश्रित ग्राम पीवी 118 रतनपुर को चाणक्यपुरी धान खरीदी केंद्र और पखांजूर शहर से जोड़ने वाली मुख्य सड़क की बदहाली को लेकर हरिभूमि में प्रकाशित खबर का असर हुआ है। प्रशासन की नींद टूटी और स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों को अस्थाई राहत प्रदान की गई है। खबर प्रकाशित होने के बाद ग्राम पंचायत पित्तेभोड़िया के सरपंच ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए त्वरित कार्रवाई की है। आगामी धान खरीदी सीज़न और ग्रामीणों के आवागमन की दिक्कतों को देखते हुए, सड़क पर मुरमीकरण का कार्य किया है। इसके साथ ही सड़क के दोनों किनारों पर उग आई झाड़ियों की सफाई भी कराई गई है, जिससे मार्ग की दृश्यता बढ़ी है और आवागमन कुछ हद तक सुगम हो गया है। इस अस्थाई मरम्मत से खासकर दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने और दुर्घटनाओं का खतरा कम हुआ है। सरपंच और शासन-प्रशासन द्वारा उठाए गए इस कदम से स्थानीय ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है, ग्रामीण मनोज दास, राजेश दास, कुमारेश दास, गोपाल चक्रवर्ती, बंकेश मंडल, राजू नेताम सहित अन्य ग्रामीणों ने सरपंच ग्राम पंचायत पित्तेभोड़िया सुखवय गावड़े, वार्ड पंच, आशीष विश्वास, झगड़ू नेताम, ठाकुर सरकार का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि यह तात्कालिक राहत सराहनीय है और इससे धान खरीदी के दौरान किसानों को थोड़ी सहूलियत मिलेगी। अस्थाई मुरमीकरण से हमें राहत मिली है, लेकिन हमारी मुख्य मांग अब भी वही है। हालांकि, ग्रामीणों ने अपनी मूल मांग को दोहराते हुए जिला प्रशासन और प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग से अपील की है कि इस महत्वपूर्ण जीवनरेखा रतनपुर-चाणक्यपुरी सड़क का प्राथमिकता के आधार पर डामरीकरण पक्की सड़क निर्माण कराया जाए, ताकि भविष्य में होने वाली किसी भी बड़ी दुर्घटना को स्थायी रूप से टाला जा सके और क्षेत्र का विकास हो सके। गौरतलब है कि लगभग दो किमी की यह सड़क गहरे गड्ढों के कारण नाली में तब्दील हो गई थी, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ था। अब जबकि धान खरीदी का सीज़न नज़दीक है, किसानों के लिए पक्की सड़क का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीणों की उम्मीद है कि प्रशासन इस जनहित की मांग को गंभीरता से लेगा और जल्द ही डामरीकरण के कार्य को मंजूरी देगा, जिससे उनकी वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

## घायल को रास्ते पर उतारा व बाइक लेकर फरार, दो पर अपराध कायम

**कांकेर।** सड़क दुर्घटना में घायल को उसके घर छोड़ने की बात कहाकर मोटर सायकल को लेकर फरार होने की शिकायत पर पुलिस ने दो अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे सिंगारभाट कांकेर निवासी 40 वर्षीय अनिल गंगवाल पिता स्व. कोमल सिह गंगवाल ने पुलिस को बताया कि प्राईवेट जॉब करता हूं और 15 जून को रात करीबन 9 बजें अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएस 4600 में सवार होकर अपने घर जा रहा था। बरदेभाटा चौक के पास पहुंचा था कि अंधेरा होने से रोड में बैठे बैल से टकराकर एक्सीडेंट हो गया। उसी समय रोड के किनारे खड़े दो अंजान लड़के मदद के लिए आए और मुझे उठाए। मेरा पता पुछे तब मै सिगारभाट का हूं बोला तब दोनो लड़के मुझे बोले के हम लोग भी उसी ओर जा रहे है, चलो आपको छोड़ देंगे। मुझे मेरे मोटर सायकल में बैठाकर सिंगारभाट की ओर आ रहे थे। ज्ञानी चौक के पास गाड़ी को रोककर मुझे गाड़ी से उतारे और मेरा वाहन क्रमाक सीजी 19 बीएस 4600 जिसकी कीमत 40 हजार रूपएं को लेकर भाग गए। घटना के बाद से मै अपने मोटर सायकल का पता साजी कर रहा था, कोई पता नही चलने पर 21 नवंबर को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करा रहा हूं। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## शाला त्यागी मुक्त ग्राम अभियान 26 तक, शिक्षा से जोड़ने की नई पहल

**कांकेर।** जिले में माओवाद प्रभावित आदिवासी बाहुल्य व दुर्गम पहुंचविहीन भौगोलिक परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शाला त्यागी विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ने नई पहल की जा रही है। इसके तहत जिले में अनुरोध कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

जिला प्रशासन द्वारा शाला त्यागी व अप्रवेशी बच्चों का चिन्हांकन ग्राम स्तर पर 26 नवम्बर तक किया जा रहा है। उक्त अवधि में आयोजित विशेष ग्राम सभा में ऐसे बच्चों का चिन्हांकन करते हुए उन्हें शिक्षा के मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है, जिसे 'अनुरोध कार्यक्रम शाला त्यागी मुक्त ग्राम' अभियान नाम दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में बोर्ड परीक्षा की तैयारी, बच्चों का आपार आईडी, यूडाईस की प्रविष्टि, उपचारात्मक शिक्षण जैसे कार्य स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सम्पादित किये जा रहे हैं। छात्रों की विद्यालयों में नियमित उपस्थिति तथा उनकी विद्यालय में निरंतरता बनाये रखने के लिए सतत निरीक्षण भी किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान शासकीय विद्यालयों में प्रति दिवस 5 से 10 प्रतिशत बच्चे नियमित रूप से अनुपस्थित रहते हैं। यह संख्या सेकण्डरी स्तर पर बढ़कर 20 प्रतिशत या उससे अधिक हो जाता है। यह भी बताया गया कि शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के ड्रॉप बाक्स में अभी भी 5900 से अधिक बच्चे दर्शित हैं, उन बच्चों का परीक्षण कर शिक्षा के मुख्यधारा में जोड़ा जाना है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने पालकगण, सरपंच एवं गणमान्य नागरिकों से शाला त्यागी बच्चों को अनिवार्य रूप से समीप के विद्यालयों में समुचित कक्षा में इंद्राज कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ऐसी ग्राम पंचायतों को 26 जनवरी 2026 राष्ट्रीय पर्व में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा।

## नाबालिग से दुष्कर्म व अपहरण का आरोपी मप्र से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर

शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की का अपहरण करने और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में बांदे पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बांदे थाना क्षेत्र की नाबालिग के परिजन ने बांदे थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। मामला दर्ज कर गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच शुरू किया गया। मुखबिर से पुलिस को पता चला कि लखीपुर निवासी आकाश मुखर्जी ने लड़की को बहलाया है। आरोपी की तलाश में थाना बांदे से एक पुलिस टीम मुरबी गुजरात पहुँची। संदेही मध्यप्रदेश जिला बैतूल के ग्राम लखीपुर निवासी 21 वर्षीय आकाश मुखर्जी पिता पुलक मुखर्जी का पता चलने पर यह खुलासा हुआ कि उसने नाबालिग पीड़िता को मध्यप्रदेश के खंडवा में अपने रिश्तेदार के घर छिपाकर रखा था। पुलिस टीम ने नाबालिग को सकुशल वहाँ से छुड़ा लिया। नाबालिग पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी आकाश मुखर्जी ने उसे शादी का प्रलोभन देकर जबरदस्ती उसके साथ शारीरिक संबंध किया। पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक रिमांड पर जिला जेल कांकेर भेज दिया गया है। पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी बांदे मनीष कुमार नेताम, सहायक उपनिरीक्षक गिरीशचंद्र कुर्रे, आरक्षक संतानुराम जुर्री, महिला आरक्षक संतोषी मातलम और सायबर सेल कांकेर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पेज 3 के शेष...

**बेकाबू दो बाइक ...**

पहना था। अत्यधिक गति के कारण वह बाइक पर नियंत्रण नहीं रख पाया और बाइक से जा टकराया, जिसमें दो लोगो को गंभीर चोट आया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जप्त कर लिया है।हादसे का आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुँचे। उन्होंने तत्काल पुलिस और एम्बुलेंस को घटना का जानकारी दिया। पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को पहले जिला अस्पताल पहुँचाया। घायलो को गंभीर चोटें आई हैं, साथ ही मल्टीपल फ्रैक्चर भी हैं। इस दर्दनाक हादसे के बाद कांकेर और गोविंदपुर क्षेत्र में शोक और चिंता का माहौल है। प्रशासन ने लोगों से अव्हान किया कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

**जल संसाधन विभाग...**

चाहिए। ग्राम पंचायत कर्रामाड के सरपंच रजलाल आचला ने बताया कि यह डैम बनने से किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलती, जलभराव रुकता और फसलों का उत्पादन बढ़ता, लेकिन निर्माण अधूरा छोड़ देने से ग्रामीण इलाका विकास से वंचित रह गया है। उन्होंने विभाग को चेतावनी दी कि यदि मांगों पर तुरंत कार्रवाई नहीं हुई, तो गांव–गांव से किसान बड़ी संख्या में प्रदर्शन के लिए उतरेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान वार्ड पंच रूपेश धलनिया, आनंद मानिकपुरी, दीपक बढ़ाई, संजय कोला, सुजीत तारम, मानक बढ़ाई सहित बड़ी संख्या में किसान और युवा उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि विभाग अब भी नहीं चेता तो आंदोलन और तीव्र होगा। किसानों ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री स्तर पर हस्तक्षेप के बाद डैम निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा और क्षेत्र को राहत मिलेगी।

**बोलेरो की चपेट में ...**

आ रही थी। प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र के पास पहुंची थी कि कोरर से कांकेर की ओर आ रही बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 05 एक्यू 8589 के चालक अपने वाहन को तेजी लापरवाही पूर्वक एंव उतावलेपन से चलाते हुए रोड किनारे चल रही मेरी बेटी प्राची को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से मेरी बेटी के बांए पैर एंव शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट लगा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 05 एक्यू 8589 के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

**बाइक चालक की ...**

सीजी 24 यू 2417 का चालक अपनी मोटर सायकल को तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मोटर सायकल क्रमंक सीजी 19 बीई 1623 को सामने से टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे शंकर सिन्हा शेखर चुरेन्द्र को गंभीर चोट आने से मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 यू 2417 के चालक के खिलाफ धारा 281,125 (ए), 106 बीएनएस के तहत मामला दर्ज पर विवेचना में लिया।

**सिर में चोट ...**

डायरी नरहरपुर थाना में पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक के सिर में अंदरूनी चोट आने के कारण मौत हुई है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### एसआईआर संबंधी जानकारी दी गई



**दुर्गुकोंदल।** भाजपा मंडल दुर्गुकोंदल द्वारा मतदान केंद्र दुर्गुकोंदल में मतदाता सूची सुधार प्रक्रिया को लेकर मतदाताओं और बीएलओ को निरंतर सहयोग प्रदान किया जा रहा है। मंडल उपाध्यक्ष फूलसिंग मंडावी एवं मंडल प्रभारी पुनारद दास द्वारा क्षेत्र के ग्रामीणों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन और सुधार की प्रक्रिया के बारे में घर–घर जाकर जानकारी दी जा रही है। दोनों पदाधिकारियों ने बताया कि कई लोग जानकारी के अभाव में अपना नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं करा पाते या गलतियों को सुधरवा नहीं पाते। इसे ध्यान में रखते हुए वे बीएलओ के साथ मिलकर पात्र मतदाताओं को आवश्यक दस्तावेज, फॉर्म भरने की विधि और समयसीमा के बारे में मार्गदर्शन दे रहे हैं। भाजपा मंडल का यह जागरूकता अभियान क्षेत्र में मतदाता सहभागिता बढ़ाने और एसआईआर प्रक्रिया को सरल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### कुत्ते के काटने से हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोड़ेकुर्से थानांतर्गत 42 वर्षीय हिरवंतीन बाई को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के दौरान मौत हो गया। सुरूंगदोह निवासी विजय कुमार ने पुलिस को बताया कि मृतिका दुकान से समान लेकर घर की ओर रही थी। तभी 30 अक्टूबर को पागल कुत्ता ने हाथ को काट दिया। प्राथमिक इलाज के बाद मृतिका को हायर सेंटर रायपुर ले जाने के दौरान मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### जिले में अब तक 7183 क्विंटल धान की खरीदी

**कांकेर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत जिले के सभी 149 उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जा रही है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक कुल 7183.20 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसमें 5769.20 क्विंटल मोटा धान तथा 1414 क्विंटल पतली वैरायटी का धान सम्मिलित है। उन्होंने जिले के सभी किसानों से ऑनलाइन माध्यम से तथा उपार्जन केन्द्र में पहुंचकर टोकन प्राप्त करने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि कांकेर जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 149 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं तथा धान खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए खरीदी केन्द्र प्रभारी तथा पर्यवेक्षण व निगरानी के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। जिले के सभी खरीदी केंद्रों में कम्प्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति कर ली गई है तथा बारदाने भी उपलब्ध करा दिए गए हैं।

### दिव्यांग परीक्षार्थियों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**कांकेर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा 40 प्रतिशत या इससे अधिक की दिव्यांगता से ग्रस्त दिव्यागजनों के लिए सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत संघ व छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने वाले दिव्यांग परीक्षार्थियों को प्रोत्साहन राशि का लाभ दिया जाएगा। इस संबंध में उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि संघ व छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में आयोजित प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण होने पर एकमुश्त राशि 20 हजार रूपए और मुख्य परीक्षा में चयन होने पर एकमुश्त 30 हजार रूपए तथा अंतिम रूप से चयनित होने पर उन्हें 50 हजार रूपए की एकमुश्त राशि का लाभ दिया जाता है। उन्होंने बताया कि इन परीक्षाओं में सफल होने वाले दिव्यांग प्रतिभागी प्रोत्साहन राशि प्राप्ति के लिए कार्यालय उपसंचालक, समाज विभाग कांकेर में आवेदन कर सकते हैं।

रसोली-नागहूर होते हुए नेडगांव तक लगभग 10 किमी की लंबी सड़क की मांग की होती रही उपेक्षा

# प्रशासन की अनदेखी से त्रस्त रसोली के ग्रामीण चंदा कर बना रहे सड़क

## गर्भवती और बीमार को अस्पताल पहुंचाने की भीषण समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

आजादी के बाद से सड़क सुविधा से वंचित रसोली गांव के ग्रामीणों ने आखिरकार शासन प्रशासन से निराश होकर स्वयं ही सड़क निर्माण का बीड़ा उठा लिया है।

रसोली से नागहूर होते हुए नेडगांव तक लगभग 10 किमी की दूरी में तक सड़क नहीं बनने के कारण ग्रामीणों को वर्षों से आवागमन में गंभीर परेशानी झेलनी पड़ रही है। अनेक बार आवेदन, गुहार और मांगों के बावजूद सड़क निर्माण के लिए स्वीकृति नहीं मिली, जिसके बाद ग्रामीणों ने अपने ही चंदे से सड़क बनाने की ऐतिहासिक पहल शुरू की है।



ग्रामीण चमरा बोगा, गायता शंभूराम गावड़े, वार्ड पंच हेमलाल गावड़े, सुबेसिंह गावड़े, सुखदेव गावड़े, चमरसिंह कोवाची, कंजेल बोगा, रामाऊ बोगा और चमलाल गावड़े ने बताया कि राशन लेने, बच्चों को स्कूल पहुंचाने, गर्भवती और बीमार ग्रामीणों को अस्पताल ले जाने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसी मजबूरी ने ग्रामीणों को यह निश्चय करने पर मजबूर किया कि यदि सड़क चाहिए तो उसे गांव वाले ही बनाएंगे। ग्रामीणों ने प्रत्येक घर से 2000 रुपए चंदा एकत्र कर ग्राम समिति के माध्यम से ट्रैक्टर और जेसीबी मशीन किराए पर ली और खुद ही सड़क निर्माण शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि हर साल गांव से करोड़ों रुपए की बांस और लकड़ी का परिवहन वन विभाग द्वारा किया जाता है, लेकिन गांव के विकास पर एक रुपये भी खर्च नहीं किया जाता। वहीं नवभारत और बीएसपी माइंस से भी किसी प्रकार की सहायता नहीं मिल पाई, जिससे आत्मनिर्भर होकर सड़क बनाने का निर्णय लेना पड़ा। इस मुद्दे के सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित होने के बाद भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी के निर्देश पर उनके निज सहायक तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष को रसोली क्षेत्र के निरीक्षण के लिए भेजा गया। निरीक्षण दल ने रसोली नागहूर नेडगांव मार्ग का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात की और वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग से संपर्क करने पर पता चला है कि रसोली से नेडगांव मार्ग के लिए 2 करोड़ 75 लाख रुपए की स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है और विभाग ने आश्वासन दिया है कि सड़क निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि अब शासन–प्रशासन औवास्तविकता समझते हुए जल्द सड़क निर्माण का कार्य शुरू करेगा, ताकि वर्षों से चली आ रही उनकी समस्याओं का अंत हो सके।

## बाल विवाह मुक्त अभियान पर एक दिनी उन्मुखीकरण कार्यशाला हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला में वित्तीय वर्ष 2028-29 तक सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य को बाल विवाह मुक्त बनाए जाने के लक्ष्य के बारे में जानकारी दी गई।

उक्त कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा कि सभी को सम्मिलित रूप से समन्वित प्रयास करते हुए जिले को बाल विवाह जैसी कुरीतियों से मुक्त करना है। उन्होंने इसके लिए ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार तथा जनजागरुकता अभियान चलाये जाने के लिए निर्देशित किया। जिला कार्यकम अधिकारी विपिन जैन ने जिले को बाल विवाह मुक्त कराने में सहयोग करने का आव्हान किया। उन्होंने बताया कि कांकेर जिले में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत अब तक लगभग 50 ग्राम पंचायतों की बाल विवाह मुक्त घोषित कराये जाने हेतु प्रस्ताव पारित कराया गया है, शेष ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त कराये जाने के लिए विशेष अभियान चलाये जाने की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि बाल विवाह की जानकारी मिलने पर टोल फ्री नम्बर 1098 पर इसकी सूचना दी जा सकती है। बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर संबंधित ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रुप से कार्यवाही की जाती है। उक्त कार्यशाला में राज्य स्तर से आए रिसोर्स पर्सन शशांक शर्मा के द्वारा बाल विवाह से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी एवं अवगत कराया कि बाल विवाह करने में सहयोग करने वाले सभी व्यक्तियों को 02 वर्ष के कठोर कारावास तथा 01 लाख रुपये के जुर्माने से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। कार्यकम में उपस्थित सभी व्यक्तियों ने कांकेर जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए शपथ भी ली।

## अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स में कोंडे के पुनीत राम ने जीते दो स्वर्ण पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

शाउमावि कोंडे के व्याख्याता पुनीत राम पिस्दा ने अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर शानदार प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ और भारत का नाम गौरवान्वित किया है। संयुक्त भारतीय खेल फेडरेशन के तत्वाधान में 14 से 17 नवंबर तक भूटान की राजधानी थिम्फू में आयोजित अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में पिस्दा ने एथलेटिक्स में अपने अद्भुत कौशल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में कुल 9 देशों के लगभग 300 खिलाड़ी शामिल हुए थे।

एथलेटिक्स के प्रति पुनीत राम का समर्पण और कठिन परिश्रम उस समय रंग लाया जब उन्होंने दो प्रमुख स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक अपने नाम कर इतिहास रच दिया। पुनीत राम ने 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान गोल्ड मेडल, 5000 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान गोल्ड मेडल प्राप्त कर भारत की झोली में दो स्वर्ण पदक जोड़ दिए। उनकी इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय और जिला, बल्कि पूरा छत्तीसगढ़ गौरवान्वित हुआ है। भारत की ओर से भाग लेने वाले खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर रहे इंडिया टीम के कोच हरिनाथ ने पिस्दा के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी लगन, अनुशासन और नियमित अभ्यास ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर अलग पहचान दिलाई है। कोच के मार्गदर्शन और वैज्ञानिक प्रशिक्षण पद्धति ने उनके प्रदर्शन को और बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता से लौटने पर विद्यालय में पिस्दा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। विद्यालय परिवार शिक्षक, विद्यार्थी और स्थानीय ग्रामीणजन सभी ने उन्हें हार्दिक बधाइयाँ देते हुए गर्व व्यक्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह उपलब्धि संस्थान के लिए ऐतिहासिक है और इससे क्षेत्र के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरणा मिलेगी।

## शराब के नशे में चूर साथी को धकेला पुल से इलाज के बाद की पुलिस में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

पखांजुर थानांतर्गत पुल के पास शराब पी रहें दो दोस्त में घर जाने की बात को लेकर विवाद हो गया। पीड़ित युवक ने अपने साथी को नशा होने पर घर ले जाने का जिद किया। पीड़ित युवक के साथी ने उसे घर नही जाने कि बात कहते हुए आवेश में आकर धक्का दे दिया, जिससे व पुल के नीचे गिर गया। घायल युवक इलाज के लिए अस्पताल गया और तीन दिन बाद अपने साथी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया।

पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 27 हृदयपुर निवासी 27 वर्षीय शक्तिमान राय पिता अलास राय ने पुलिस को बताया कि 16 नवंबर को शाम करीबन 7 बजें अपने गांव के पास पुल में बैठकर अमृत सरकार के साथ महुआ शराब पी रहा था। नशा होने के बाद अमृत सरकार ने मुझे अपने साथ घर ले जाने के लिए मना किया, तो मैने कहा कि मुझे ज्यादा नशा हो गया है,



साथ में लेकर नहीं जाओगे क्या। तो अमृत ने बोला कि तुम्हारे घर वाले मुझे गाली देगें। तो मैने अमृत के साथ जाने के लिए जिद किया। इतने अमृत सरकार गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर पत्थर से मेरे सिर में मारकर पुल के नीचे धकेल दिया, जिससे मैं वहीं पर बेहोश पड़ा था। कुछ देर बाद होश आने के बाद उठकर अपने घर चला गया। चोट आने के कारण इलाज के लिए पखांजुर अस्पताल में भर्ती था। अस्पताल से छूट्टी होने पर 20 नवंबर को पखांजुर थाना में शिकायत कराने आया हूं। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अमृत सरकार के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## मार्निंगवाक पर निकले शिक्षक भालू के हमले से गंभीर घायल सरोना अंचल के ग्रामीण दहशत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरोना

तहसील क्षेत्र सरोना में जंगली जानवरों की बढ़ती आवाजाही एक बार फिर खतरा बनकर सामने आई, जब 21 नवंबर शुक्रवार को तड़के मॉर्निंग वॉक पर निकले शिक्षक पर भालू ने अचानक हमला कर दिया। घटना सुबह लगभग 5 बजे की है, जब शिक्षक रोज की तरह घर से थोड़ी दूरी पर टहलने निकले थे। तभी झाड़ियों की ओर से निकला भालू उन पर झपटा और गंभीर रूप से घायल कर दिया।

- अधिकारियों ने आश्वासन दिया की जल्द ही ठोस कदम उठाया जाएगा

हमले के बाद शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह भालू को दूर भगाते हुए घायल शिक्षक गोपीचंद शोरी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरोना पहुँचाया। अस्पताल में चिकित्सा दल ने तत्काल उपचार शुरू किया। स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में शिक्षक का उपचार जारी है। डॉक्टरों ने उनकी हालत स्थिर बताई है, हालांकि गहरे घावों के कारण आगे कुछ समय तक चिकित्सकीय निगरानी आवश्यक बताई जा रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले एक सप्ताह से बस्ती और आसपास के खेत-खलिहानों में भालू की आवाजाही लगातार देखी जा रही थी। रात के समय कई लोगों ने भालू की आवाजें सुनीं और कुछ ने उसे रास्तों और खेतों में घूमते हुए भी देखा था। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में पहले भी वन विभाग को जानकारी दिया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। शुक्रवार सुबह घटी घटना के बाद लोगों में भय और आक्रोश की स्थिति देखी जा रही



है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि भालू को जल्द से जल्द पकड़कर जंगल के सुरक्षित क्षेत्र में छोड़ा जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हमलों को रोका जा सके। कई ग्रामीणों ने बताया कि बस्ती के आसपास छोटे बच्चों व महिलाओं के अकेले निकलने में विशेष खतरा महसूस हो रहा है। खेतों में काम करने वाले किसान भी अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग सरोना की टीम पहुँची और आसपास के क्षेत्र में भालू की गतिविधियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि वे इलाके का पूर्ण निरीक्षण करेंगे, भालू की गतिविधियों को ट्रैक करने के लिए कैमरा ट्रैप लगाए जाएंगे और आवश्यकता पड़ने पर पकड़ने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। वन विभाग ने लोगों से अव्हान किया कि वे अकेले सुनसान इलाकों में जाने से बचें, बच्चों को सुबह-शाम बाहर न भेजें और किसी भी जंगली जानवर के दिखने पर तुरंत विभाग को सूचना दें। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल्द ही सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## युवकों का 20 सदस्यीय दल चेन्नई हुआ रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को देश की विविध संस्कृति से परिचित कराने के लिए 178 वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। बटालियन के तत्वावधान में आयोजित 17 वें ट्राइबल यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम 2025-26 के तहत 20 सदस्यीय युवा दल को चेन्नई के लिए रवाना किया गया।

इस दल में दुर्गुकोंदल और कोयलीबेड़ा विकासखंड से चयनित 10 युवक एवं 10 युवतियाँ शामिल हैं। युवाओं के इस चयनित समूह को देश की सांस्कृतिक




विविधता को समझने, राष्ट्रीय एकता का अनुभव करने और अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने का अनूठा अवसर मिला है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दूरस्थ अंचल के युवाओं को देश की मुख्यधारा से जोड़ना, उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करना और व्यक्तित्व निर्माण के अवसर प्रदान करना है।

## विश्व बाल दिवस पर मरकाटोला में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

यूनिसेफ की वैश्विक पहल गो ब्ल्यू के अंतर्गत विश्व बाल दिवस के अवसर पर 20 नवंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मरकाटोला लारगांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य बाल अधिकारों को दृश्य रूप में आगे लाना तथा समुदाय, स्कूल और प्रशासन को बाल संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं समानता जैसे मुद्दों से जोड़ना है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में ब्ल्यू वॉल हैंडप्रिंट एक्टिविटी आयोजित की गई। विद्यालय की एक दीवार को नीला रंग कर बच्चों, अभिभावकों और समुदाय के




सदस्यों से सफेद तथा नीले रंग में हाथों की छाप लगवाई गई। प्रत्येक हैंडप्रिंट बच्चों के अधिकारों के समर्थन का प्रतीक बताया गया। आयोजकों के अनुसार गतिविधि का उद्देश्य बच्चों की भागीदारी बढ़ाना और जिले में चाइल्ड-फ्रेंडली एनवायरनमेंट को प्रोत्साहित करना था, विशेषकर उन बच्चों के लिए जो अधिक संवेदनशील परिस्थितियों में रहते हैं। अभियान में कांकेर वॉलेंटियर्स टीम से हर्ष कुमार डोंगरे, रानु गुप्ता, भारती चंद्रवंशी, कुमकुम साहू और आकांक्षा शामिल रहे। विद्यालय प्रशासन की ओर से प्राचार्य कृष्णा करायत, रंजीता नुचार्य, अशोक कुमार कोर्राम, पी.आर. प्रधान, रूखमणि छाटा, रीना हिचामी और हिना भोयर उपस्थित रहें।

रक्तदान मानवता की महान सेवा के लिए किया जागरूक

## जूनियर रेडक्रॉस ने किया नुक्कड़ नाटक, दिया रक्तदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल शाउमावि मेड़ों की जूनियर रेडक्रॉस इकाई द्वारा शुक्रवार को रक्तदान के लिए जागरूकता रैली और प्रभावी नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में रक्तदान के महत्व को समझाना और लोगों को स्वेच्छा से रक्तदान के लिए प्रेरित करना था।

जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी और व्याख्याता ने उपस्थित ग्रामीणों तथा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए रक्तदान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रक्तदान न केवल एक मानवता से जुड़ा कर्तव्य है, बल्कि इससे किसी जरूरतमंद की जान बचाकर हम समाज में बड़ी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने वैज्ञानिक व




चिकित्सकीय दृष्टिकोण से रक्तदान के लाभों को समझाया और कहा कि रक्तदान एक ऐसा पुण्य कार्य है जो किसी भी मनुष्य को वास्तविक संतुष्टि और आनंद प्रदान करता है। समय पर मिला रक्त किसी व्यक्ति के जीवन के लिए संजीवनी बन सकता है। इस अवसर पर जूनियर रेडक्रॉस इकाई के विद्यार्थियों द्वारा तैयार नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, जिसमें यह दर्शाया गया कि समय पर रक्त न मिलने से कितने मरीज गंभीर परिस्थितियों का सामना करते हैं। नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि रक्तदान श्रेष्ठदान है और प्रत्येक व्यक्ति को इंसानियत के खातिर कम-से-कम वर्ष में एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। नुक्कड़ नाटक में छात्रों ने विभिन्न पात्रों को जीवंत रूप में प्रस्तुत करते हुए लोगों को जागरूक किया कि एक यूनिट रक्त किसी भी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने भी रक्तदान को एक सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में स्वीकार करने की बात कही। इस आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। सभी ने जूनियर रेडक्रॉस इकाई के इस प्रयास की सराहना की और ऐसे कार्यक्रमों को समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि आने वाले समय में विद्यालय और रेडक्रॉस इकाई द्वारा रक्तदान से संबंधित और भी जागरूकता अभियानों का आयोजन किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इस मानवतावादी कार्य से जुड़ सकें।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, सेंहुआ, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)/माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411